(b) if so, the details thereof; and

(c) whether any target has been fixed and if so, to what extent it has been achieved till 31st December, 1965?

**The Minister of Planning (Shri Asoka Mehta):** (a) In view of the fact that managerial manpower is developed and recruited in a variety of ways, no specific scheme covering all the managerial needs of the public sector was formulated. Instead, facilities have been provided for education and training in modern methods of management in various institutions.

(b) Post-graduate diploma courses in Business Management and/or Industrial Management are available in seven universities and three technological institutions. One university has a course leading to a Master's degree in Business Administration. Further, there are two All India Institutes of Management at Calcutta and Ahmedabad which not only provide specialised short-term courses for executives from the Public and private sectors but also conduct two-year full-time course in business management. The Administrative Staff College at Hyderabad also provides a short-term training course for middle level managerial personnel. A number of industrial houses and banking concerns have their own arrangements for training managerial personnel. Besides these, there are also some other institutions.

(c) In view of the answer to part (a) of the question, this does not arise.

**कलकत्ता में पकड़ी गई चीन की वस्तुएं**

379. **श्री ओंकार लाल बेरवा :**
**श्री बागड़ी :**
**श्री प्र० के० देव :**
**श्री नरसिम्हा रेड्डी :**
**श्री कपूर सिंह :**
**श्री राजदेव सिंह :**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 5 जनवरी, 1966 को कलकत्ता के किदरपुर गोदी में सीमा शुल्क पदाधिकारियों द्वारा एक जहाज के इंजिन रूम से एक रुपये लाख के मूल्य की चीन की वस्तुएं बरामद की गई थीं ;

(ख) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में कितने व्यक्ति गिरफ्तार किये गये हैं ?

**वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) :** (क) और (ख). 4 जनवरी, 1966 को किदरपुर गोदी में खड़े एक जहाज से 24,657 सिगरेट लाइटर, 1017 जोड़े नायलन के मौजें, 19 कलाई-घड़ियां और 4 ट्रान्जिस्टर रेडियो पकड़े गये । इनमें से 20,592 सिगरेट लाइटर और 597 जोड़े नायलन के मोजे, जिनका लागत, बीमा तथा भाड़ा सहित मूल्य अनुमानतः 34,327 रुपये हैं, जहाज के इंजिन रूम से पकड़े गये । केवल सिगरेट लाइटर चीन के बने हुए हैं ।

(ग) इस सम्बन्ध में जहाज के चालक-दल के दो सदस्य तथा कलकत्ता के दो निवासी गिरफ्तार किये गये हैं ।

**दिल्ली में राजनीतिक दलों के कर्मचारियों के लिये क्वार्टर**

380. **श्री बागड़ी :**
**श्री यशपाल सिंह :**

**क्या निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के उन सदस्यों को जो उन दलों के दिल्ली स्थित कार्यालयों में काम

कर रहे हैं, सरकारी क्वार्टर देने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्री (श्री मेहर चन्द खन्ना) : (क) और (ख). संसद में राजनीतिक दलों के कर्मचारियों के लिए, जिन्हें कि अध्यक्ष द्वारा मान्यता प्राप्त हो चुकी है, सरकारी निवास स्थानों की व्यवस्था का प्रस्ताव विचाराधीन है । इस मामले में अभी तक अन्तिम निर्णय नहीं लिया गया है ।

### अफीम

381. श्री राम सेवक यादव : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या किसानों को अफीम का समान मल्य दिया जा रहा है ;

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि किसानों को दिये जा रहे मूल्य तथा इसके निर्यात मल्य में बहुत अन्तर हैं ;

(घ) यदि हां, तो कितना अन्तर है और इसके क्या कारण हैं ;

(ङ) क्या किसानों को दिये जाने वाले मूल्य तथा सरकार द्वारा निश्चित किये गये बिक्री मूल्य में बहुत अन्तर होने के कारण अफीम का तस्कर व्यापार बढ़ रहा है ; और

(च) यदि हां, तो इस अन्तर को कम करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) अफीम खरीदने के लिये निश्चित की गई दर, काश्तकारों द्वारा पेश की गई औसत पैदावार पर निर्भर करती है, परन्तु अफीम पैदा करने वाले सब क्षेत्रों के लिए यह दर एक-समान होती है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ). 70 डिग्री घनत्व की अफीम की खरीदने की औसत दर 34 रुपये किलो बैठती है, जब कि उसी घनत्व की अफीम के निर्यात की दर 46 रुपये किलो बैठती है । अफीम विधिपूर्वक तैयार करने, लाने ले जाने और रखने धरने की लागत, पूंजी पर ब्याज प्रशासन सम्बन्धी व्यय तथा अन्य प्रासंगिक खर्च के कारण दोनों दरों में फर्क है ।

(ङ) जहां तक सरकार को पता है हाल के वर्षों में अफीम के तस्कर व्यापार में कोई विशेष वृद्धि नहीं हुई है ।

(च) प्रश्न हीं नहीं उठता ।

### Kamala River

**382. Shri Sham Lal Saraf:** Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether the Kamala River flowing into North Bihar from Nepal, has turned to be problematic river for both the countries;

(b) whether the proposal to tame the river in both the countries, has made any headway; and

(c) if so, when this project is going to be taken in hand?

**The Minister of Irrigation and Power (Shri Fakhruddin Ahmed): (a)** No, Sir.

(b) and (c). There is a proposal to construct a barrage across the Kamala River in Nepal under the Indian Aid Programme as a part of the East West Highway of Nepal. Government of India have accepted the proposal and detailed investigations are being carried out by the Government of Bihar.